Downloaded from www.studiestoday.com

## पाठ -6

# काम, आराम और जीवन

***याद रखने योग्य बाते :-***

1. महानगर - किसी प्रांत अथवा देश का धनी जनसंख्या वाला विशाल नगर जो प्रायः वहां की राजधानी भी होता है।
2. शहरीकरण - किसी स्थान के शहर अथवा कस्बे के रूप में विकसित होने की प्रक्रिया।
3. परोपकारी - परोपकारी वह व्यक्ति होता है जो समाज के हित के लिए काम करता है।
4. टेनेमेंट्स - बहुत अधिक भीड़ वाले काम चलाऊ मकान। ऐसे मकान प्रायः लंदन तथा अन्य बड़े शहरों के गरीब इलाकों में पाए जाते है।
5. संयमता आंदोलन - इस आंदोलन में मुख्यतः कामकाजी लोगों में शराब का उपभोग कम करने पर बल दिया जाता था।
6. श्वासारोधन - इसका अर्थ है - ऑक्सीजन की कमी के कारण दम घुटना
7. व्यक्तिवाद - इसके अनुसार समुदाय की बजाय व्यक्ति की स्वतंत्रता तथा अधिकारों पर बल दिया जाता है।
8. बैरान हॉसमान - इसने नैपोलियन तृतीय के शासनकाल में फ्रांस को एक अति सुंदर शहर का रूप प्रदान किया।
9. प्रेजीडैसी शहर - ब्रिटिश शासन के अधीन बंबई, मद्रास आदि प्रेजीडैंसी शहर कहलाते थे। क्योंकि ये प्रेजीडेंसियों की राजधानियां थी।
10. भूमि विकास - दलदली अथवा डूबी हुई जमीन को रहने या खेती करने या किसी अन्य काम के लायक ठीक करना।
11. धुंआ निरोधक कानून :- कलकत्ता भारत का पहला शहर या जहाँ धुंआ निरोधक कानून पारित किया गया।

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

***बहुवैकल्पिक प्रश्नः-***

1. चार्टिजम आन्दोलन किसलिए था?

(अ) समान कार्य के लिए समान वेतन (ब) व्यस्क पुरूष मताधिकार

(स) कार्य के लिए सीमित घंटे (द) महिला मताधिकार

2. निम्नलिखित में किस शहर का इतिहास प्रदूषण की दृष्टि से बहुत पुराना है?

(अ) बम्बई (ब) कलकत्ता (स) मद्रास (द) दिल्ली

3. निम्नलिखित में से किसने गार्डन सिटी के सिद्धान्त का विकास किया?

(अ) चार्ल्स बुथ (ब) एन्ड्रू मीर्न्स (स) थामस हार्डी (द) एबेनेजर हावर्ड

4. निम्नलिखित में से किस को लौह दैत्य कहा गया?

(अ) औद्योगिक शहर (ब) नई फैक्ट्रियाँ (स) लंदन भूमिगत रेलवे (द) टेनेमेंटस

5. निम्न में से किस वर्ष कलकत्ता में धुँआ निरोधक कानून पारित किया गया था?

(अ) 1861 (ब) 1862 (स) 1863 (द) 1864

6. दुनिया की सबसे पहली भूमिगत रेल का निर्माण कहाँ हुआ?

(अ) न्यूयार्क (ब) मास्को (स) लंदन (द) कलकत्ता

7. सत्रहवी शताब्दी में बम्बई निम्न में से कितने टापुओं का समूह था?

(अ) 5 (ब) 6 (स) 7 (द) 8

8. फिल्म 'राजा हरिश्चन्द्र' का निर्माता कौना था?

(अ) दादा साहब फाल्के (ब) बी. आर. चोपड़ा

(स) दिलीप कुमार (द) यश चोपड़ा

9. दुर्गाचरण राय ने कलकत्ता नगर के विषय में कौन सा उपन्यास लिखा?

(अ) देवगानेर मर्त्ये आगमन (ब) निर्मला

(स) गोदान (द) दुर्गेश नंदिनी

10. नवम्बर 1857 में लंदन में हुई पुलिस कार्रवाई को इनमें से किस नाम से याद किया जाता है?

(अ) खूनी रविवार (ब) खूनी शुक्रवार

(स) खूनी सोमवार (द) खूनी शनिवार

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

**लघु/दीर्घ प्रश्नोत्तर**

प्रश्न 1 :- उन्नीसवीं शताब्दी में लन्दन शहर की आबादी के निरन्तर बढ़ने के किन्हीं चार कारणों को स्पष्ट करें?

प्रश्न 2 :- लंदन में आए उन सामाजिक परिवर्तनों की व्याख्या करें जिनके कारण भूमिगत रेलवे की जरूरत पैदा हुई। भूमिगत रेलवे के निर्माण की आलोचना क्यों हुई।

प्रश्न 3 :- उन्नीसवीं सदी के मध्य में बंबई की आबादी में भारी वृद्धि क्यों हुई।

प्रश्न 4 :- औद्योगिकीकरण के फलस्वरूप लंदन शहर में मनोरंजन तथा अवकाश के क्षेत्र में हुए सामाजिक परिवर्तनों के उदाहरण दीजिए।

प्रश्न 5 :- 19वीं सदी के कलकत्ता शहर की प्रदूषण समस्याओं का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 6 :- 18 वीं शताब्दी में लंदन में, महिलाओं द्वारा अपनी आय को बढ़ाने हेतु किए गए प्रयासों को स्पष्ट कीजिए?

प्रश्न 7 :- लंदन को साफ करने के लिए कौन से तीन कदम उठाए गए?

प्रश्न 8 :- दुर्गाचरण राय के अनुसार कलकत्ता का शहरी जीवन किन तीन तरीकों से विरोधी छवियों को प्रस्तुत करता था?

प्रश्न 9 :- बम्बई नगर कुछ लोगों के लिए सपनों का नगर तथा अन्य के लिए कठिनाइयों का नगर क्यों है?

प्रश्न 10 :- बम्बई के विकास में सहायता के लिए चलाए गए भूमि विकास की विभिन्न परियोजनाओं का वर्णन करो।

**बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर**

(1) (ब) व्यस्क पुरूष मताधिकार

(2) (ब) कलकत्ता

(3) (द) एबेनेजर हावर्ड

(4) (स) लंदन भूमिगत रेलवे

(5) (स) 1863

(6) (स) लंदन

(7) (स) 7

(8) (अ) दादा साहब फाल्के

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

(9) (अ) देबगानेर मर्त्ये आगमन

(10) (अ) खूनी रविवार

**लघु/दीर्घ प्रश्नों के उत्तर**

उत्तर (1) 1810 से 1880 के बीच सत्तर वर्षो में लंदन की जनसंख्या 10 लाख से बढ़कर 40 लाख हो गई।

(2) कुशल एवं शारीरिक श्रम करने वालों की संख्या में वृद्धि।

(3) पांच प्रकार के उद्योग के कारण अवसरों की अधिकता।

(4) कारखाने, मोटरकार और बिजली उपकरण खुलने से लंदन की तरफ लोगों का आकर्षण बढ़ा।

उत्तर (2) :- भूमिगत रेलवे की आवश्यकता उत्पन्न करने वाले सामाजिक परिवर्तन

(1) गंदी बस्तियों की भरमार, निर्धन लोगों की अल्प मृत्यु

(2) 1917 की रूसी क्रांति से भय

(3) मजदूरों का आंदोलन

(4) समाज सुधार भावना जाग्रत होना

(5) निर्धनों के लिए गृह निर्माण योजना पर विचार

(6) कारखाने से घर दूर होने के कारण परिवहन साधन की जरूरत

(7) सघन आबादी के कारण भूमिगत रेलवे लाइन का निर्माण आलोचना (भूमिगत रेलवे की)।

(1) भवनों को तोड़ना पड़ा

(2) बड़ी संख्या में लोग विस्थापित

(3) सुरंग के भीतर रेल के चलने से कोयले के कण, गंध और धुएं से यात्रियों का दम घुटना।

निष्कर्ष – जो भी हो, भूमिगत रेल से लंदन की रिहायशी समस्या, यातायात सुविधाओं के बढ़ने से हल हुई।

उत्तर (3) :- (1) 1819 में बंबई का प्रेसीडेंसी नगर बनाया जाना

(2) 1854 और 1921 के बीच 85 सूती वस्त्र मिलों की स्थापना होना।

(3) 1870 के दशक तक 22 वर्ग मील की समुद्र में डूबी हुई बंबई की भूमि का विकास होना।

(4) बंबई फिल्म उद्योग केन्द्र बन गया।

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

(5) बंदरगाह के कारण रोजगार के अवसर बढ़े।

उत्तर (4) :- लंदन में औद्योगिकरण के फलस्वरूप दो विरोधी वर्ग उभरे अमीर तथा गरीब वर्ग

(1) अमीर के मंनोरजन के लिए लंदन सीजन

(2) मजदूर वर्ग - पब या शराबखाने

(3) आम जनता - पुस्तकालय, कला दीर्घाएं तथा संग्रहालय

(4) निम्न वर्ग - संगीत सभाएं तथा हाल

(5) सिनेमा

उत्तर 5 :- (1) वायु में ज्यादा धुएँ तथा मटमैली हवा का होना

(2) दलदली जमीन पर बसा होने के कारण सर्दियों में अधिक कोहरा जो धुएँ के साथ मिलकर धुंध पैदा करता था।

(3) कारखाने से निकलने वाला धुँआ, जल, वायु और मिट्‌टी प्रदूषण फैलाता था।

(4) आधुनिक मशीनों के कारण ध्वनि प्रदूषण

उत्तर (6) (1) घर पर काम करना जैसे सूत कातना, कपास को साफ करना, कपड़े रंगना।

(2) फैक्ट्रियों में श्रमिक।

(3) घर के फालतू स्थान को किराए पर देना।

(4) सिलाई, बुनाई, माचिस बनाना

उत्तर : (7) (1) अपार्टमेन्ट के विशाल ब्लॉक बनाए गए।

(2) किराया नियंत्रण कानून लागू किया गया।

(3) ब्रिटिश राज्य ने स्थानीय शासन के साथ मिलकर 10 लाख मकान बनाए।

(4) भूमिगत रेलवे का निर्माण

उत्तर (8) :- कलकता, बिट्रिश राज्य की राजधानी थी। वर्षा का देवता वरूण देवताओं को रेल में बिठा कर यात्रा कराता है।

(2) देवता प्रदूषण व धुआँ देख चकित हो जाते है।

(3) जगमगाते महानगर की चकाचौंध से देवता प्रभावित होते है।

(4) कलकता में रोजगार की भरमार थी पर यहाँ ठग, चोर व भंयकर गरीबी भी है।

उत्तर (9) :- (1) बंबई शहर अपने व्यापार, कारोबार व उद्योगों के कारण अप्रवासियों को आकर्षित

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

करता है।

(2) बंबई आशाओं तथा अवसरों का नगर था।

(3) फलता फूलता व्यापार निवेश के लिए पूंजी की उपल्बधता ने फिल्म उद्योग को सपनों की दुनिया बना दी।

(4) विकास के साथ समस्याएं भी गंदी बस्तियां, चालो की बढ़ोतरी लोगों की दयनीय स्थिति तथा लगातार संघर्ष और जीवित रहने के लिए कड़ी मेहनत।

उत्तर (10) :- (1) 1864 में मालाबार हिल से कोलाबा के आखिरी छोर तक के प० तट को विकसित करने का ठेका बैंक बे रिक्लेमेशन कंपनी को मिला।

(2) 1870 तक शहर का क्षेत्रफल 22 वर्ग किलोमीटर तक पहुँच गया।

(3) तेजी से बढ़ी आबादी के साथ ज्यादा से ज्यादा समुद्री जमीन को विकसित किया जाने लगा।

(4) भूमि विकास परियोजना बॉम्बे पोर्ट ट्रस्ट के अंतर्गत शुरू की गई जिसने सूखी गोदी का निर्माण किया। मिट्टी से 22 एकड़ का बालार्ड एस्टेंट बनाया। मरीन ड्राइव भी बनाया गया।

Downloaded from www.studiestoday.com